जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/2022–23/1093 **दिनांक : 13.12.2022**

प्रति,

प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त शासकीय / अनुदान प्राप्त / अशासकीय महाविद्यालय,

सम्बद्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर(म0प्र0)

विषयः– अतिशीघ्र स्नातक एंव स्नातकोत्तर छात्र / छात्राओं के नामांकन फार्म जमा करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक / 330 / 46 / सीसी / 2022 / अड़तीस / भोपाल, दिनांक 12.05.2022 एंव विश्वविद्यालय पत्र क्रमांक / जीविवि / परीक्षा–2 / 2022–23 / 1064, दिनांक 06.12.2022

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय एंव सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार स्नातक एंव स्नातकोत्तर की परीक्षायें शीघ्र आयोजित कराई जाना हैं। जिसके लिये समय पर छात्र / छात्राओं के नामांकन जनरेट तथा परीक्षा फार्म भरे होना आवश्यक हैं। अतः आपके महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022–2023 में प्रवेशित छात्र / छात्राओं के नामांकन सम्बन्धी दस्तावेज अनिवार्यतः **दिनांक 15 / 12 / 2022 तक** वि0वि0 नामांकन शाखा में जमा करावें। यदि कोई महाविद्यालय निर्धारित तिथि तक भी नामांकन फार्म जमा नही कराते हैं तो निर्धारित तिथि उपरांत उनके फार्म बिलंब शुल्क रूपये 200 / – प्रति छात्र के साथ ही जमा किये जावेगें तथा इसके बाद भी नामांकन फार्म जमा नही कराते हैं तो उन महाविद्यालयों के नामांकन जनरेट नही किये जावेगें और यदि कोई छात्र / छात्रा नामांकन जनरेट न होने के कारण परीक्षा से वंचित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबधित छात्र / छात्रा एंव प्राचार्य की ही होगी। साथ ही समय पर फार्म जमा न करने वाले महाविद्यालयों की सूची बनाकर आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल को भेजी जावेगी।

परीक्षा नियंत्रक
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रतिलिपिः–

01. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, कार्यालय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

02. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

03. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

सहा. / उपकुलसचिव(परीक्षा / गोपनीय)